तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025



13 प्रेरणा विद्यालय में वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी मनमोहक...



14 धर्म की शरण लेने पर ही होगा मानव का कल्याण ...





## खबर संक्षेप

### चयनित 36 आरक्षकों ने जिला पुलिस मुख्यालय में दर्ज करायी उपस्थिति




बलौदाबाजार। जिला पुलिस आरक्षक भर्ती में चयनित 36 अभ्यर्थियों ने 26 दिसम्बर को जिला पुलिस बल बलौदाबाजार-भाटापारा में आरक्षक जीडी के पद पर आमद दर्ज करायी। चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार द्वारा नियुक्ति आदेश देकर सभी 36 अभ्यर्थियों का जिला पुलिस बल में अपनी सेवाएं देने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर अभिषेक सिंह द्वारा नवनियुक्त आरक्षकों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया तथा पुलिस बल की गरिमा, दायित्वों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया। शेष चयनित अन्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु विभागीय प्रक्रिया जारी है।

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन 29 से

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा 11 सूत्री मांगों को लेकर तीन दिवसीय आंदोलन 29 से 31 दिसंबर तक दशहरा मैदान बलौदाबाजार में किया जाएगा। फेडरेशन के प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी अनुसार प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के सामान दिए तिथि से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दिया जाए शामिल। अन्य मांगों में वर्ष 2019 से लंबित डी ए एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किये जाने, प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुवा




शेष पेज 13 पर


# दामाखेड़ा में विशाल संत समागम व माघ मेले की तैयारी शुरू

## प्रशासन ने कबीर वंशावली के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तैयारी बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में माघ मेला का आयोजन बसंत पंचमी से प्रारम्भ होगा। इस वर्ष 23 जनवरी से माघ पूर्णिमा 1 फरवरी तक संपन्न होगा। पंथ प्रकाश मुनि नाम साहब की अध्यक्षता एवं कलेक्टर दीपक सोनी की उपस्थिति में शुक्रवार को सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशवली प्रतिनिधि सभा प्रांगण में अधिकारियों की बैठक आयोजित हुईं। बैठक में संत समागम समारोह की तैयारी के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए गए।

पंथ श्री ने प्रकाशमुनि नाम साहब ने बताया कि इस वर्ष समारोह में 23 जनवरी को नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का चादर तिलक समरोह भी होगा, जिससे अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। सभी व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था के लिए बलों की संख्या बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि समरोह में प्रतिवर्ष जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है। इस वर्ष भी सहयोग मिलेगा और सफल आयोजन सम्पन्न होगा। कलेक्टर सोनी ने समारोह की भव्यता अनुरूप सभी संबधित अधिकारियों को शत प्रतिशत तैयारी मेला प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व ही करने कहा। उन्होंने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण मेला स्थल में पेयजल


शेष पेज 13 पर




### 23 जनवरी से 1 फरवरी तक चलेगा मेला

बताया गया कि संत समागम समारोह में 23 जनवरी को नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक समारोह प्रातः 9 बजे एवं संध्याकाल में गुलालोत्सव एवं नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का प्रगटोत्सव, 24 जनवरी से 1 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः काल में गुपाठ एवं संत महात्माओं द्वारा भजन किर्तन, सत्संग प्रवचन आदि, दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन वरिष्ठ कड़हिार संतो द्वारा अनुराग सागर पाठ, संध्या 4 बजे से प्रतिदिन संध्यापाठ तत्पश्चात नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब के दर्शन बंदगी एवं भजन कीर्तन होगा। 28 जनवरी से प्रतिदिन रात्रि कालीन सभा में पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब का दर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त होगा। 30 जनवरी, शाम 4.30 बजे सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन की आमसभा होगी। 31


शेष पेज 13 पर


## हादसा : दुम्हनी मोड़ पर कार-ट्रक की भीषण भिड़ंत

# कार और ट्रक की भिड़ंत में दो की मौत, दोनों वाहनों के परखच्चे उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी/ बिलाईगढ़

थाना बिलाईगढ़ क्षेत्र अंतर्गत दुम्हनी मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान यशवंत टंडन और रूपेंद्र कुमार देवांगन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, जिससे दोनों युवकों को बचाने का कोई मौका नहीं मिला।

घटना की सूचना मिलते ही बिलाईगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा ट्रक चालक और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज गति और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

गौरतलब है कि इस क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुम्हनी मोड़ पर यातायात व्यवस्था सुधारने, गति नियंत्रण और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है। क्षेत्र अंतर्गत दुम्हनी मोड़ के पास एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार कार और ट्रक के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान यशवंत टंडन और रूपेंद्र कुमार देवांगन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, जिससे दोनों युवकों को बचाने का कोई मौका नहीं मिला।

गौरतलब है कि इस क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुम्हनी मोड़ पर यातायात व्यवस्था सुधारने, गति नियंत्रण और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

### सूचना मिलते ही बिलाईगढ़ पुलिस पहुंची मौके पर




### तेज रफ्तार कार ने बाइक और साइकिल को मारी टक्कर, तीन गंभीर रूप से घायल



**गिधौरी**। गिधौरी-सारंगढ़ मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गिधौरी बस स्टैंड के पास एक अनियंत्रित कार ने विपरीत दिशा से आ रहे साइकिल और बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक युवती सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11.30 बजे सारंगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार काले रंग की एस-क्रॉस कार सीजी 10 एई 8482 ने अपनी साइड छोड़कर गलत दिशा में जाकर सामने से आ रहे साइकिल और बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन सवार सड़क पर दूर जा गिरे। इस हादसे में वर्षा प्रजापति 21 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी साइकिल सवार, लकेश्वर यादव 34 वर्ष निवासी ग्राम भंडोरा थाना बिलाईगढ़ बाइक चालक और मोनू कुलदीप 33 वर्ष निवासी महासमुंद बाइक पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना के


शेष पेज 13





# मकान में लगी आग, सामान नकदी और ज्वेलरी जल कर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा




ग्राम औरेठी के एक मकान में आग लगने के कारण घर में रखे सामान, नगदी और ज्वेलरी जल कर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम औरेठी निवासी प्रदीप कुमार साहू के परिवार में 25 दिसंबर को छट्ठी का कार्यक्रम था। शाम 6.30 बजे घर में संकल लगा कर सभी सदस्य समधीन भेंट करने बाजार चौक गये थे, वापस आने पर देखा कि उनका घर आग से धू-धु कर जल रहा है। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बुझाया गया। आग लगने के कारण नगदी 25 हजार, 1. 50 लाख की ज्वेलरी, आलमारी, टीवी, दीवान पलंग, कपड़े आदि जल कर खाक हो गये, जिसकी अनुमानित राशि 2 लाख आंकी गई है। घटना की सूचना सिमगा पुलिस को मिलने पर उक्त मामले को जांच में लेकर आग लगने के कारणों की सूक्ष्मता से जांच में जुटी है।

# नपं लवन में वीर बाल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वीर बाल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत लवन में किया गया। कार्यशाला में वीर बाल दिवस के वेबकास्ट का प्रसारण किया गया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश वाचन को सभी प्रतिभागियों के द्वारा सुना गया।

■ बच्चों ने रंगोली और भाषण में वीरों की गाथा सुनाई

जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार ने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, 7 बाल विकास परियोजना कार्यलयों, सखी वन स्टाप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय, जिला महिला शसक्तिकरण केन्द्र में उक्त वेबकास्ट का प्रसारण देखा गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास द्वारा वीर बाल दिवस के आयोजन के इतिहास और


शेष पेज 13 पर


# धान खरीदी का निरीक्षण करने एसडीएम पहुंचे रिकोकला और थारगांव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

जिले में धान खरीदी कार्य को बेहतर और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सोनाखान तहसील के अंतर्गत रिकोकला और थारगांव उपार्जन केंद्रों का एसडीएम और नायब तहसीलदार द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

■ व्यवस्थाओं का लिया जायजा, ऑनलाइन और आफ लाइन रिकार्ड का मिलान किया

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर धान के भौतिक सत्यापन के साथ-साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड का मिलान किया, जिसमें स्टॉक की स्थिति पूरी तरह सही पाई गई। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि धान विक्रय के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता, तौल कार्य की शुद्धता और किसानों के लिए बुनियादी सुविधाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा की जा रही इस सतत कार्रवाई से खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी हुई है और बिचौलियों पर लगाम कसने


शेष पेज 13 पर





## खबर संक्षेप



### वीर बाल दिवस मनाया

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में वीर बाल दिवस पर शत-शत नमन किया गया। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, इस दौरान कौशल्या चंद्राकर ने कहा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है जो हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। इस दिन सिख पंथ के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी थी।

### विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आज

**महासमुंद**। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन विधायक कार्यालय प्रांगण में 27 दिसंबर दिन शनिवार दोपहर 3 बजे होगा। सम्मेलन में प्रमुख वक्तागण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंग ठाकुर होंगे।

### बिरकोनी चंडी मंदिर में भव्य पौष पूर्णिमा मेला 3 को

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी स्थित मां चंडी मंदिर में भव्य पौष पूर्णिमा छेरछेरा मेला एवं वार्षिक समारोह 3 जनवरी शनिवार को आयोजित किया जा रहा है। मड़ई मेला आयोजन दोपहर 3 बजे किया जाएगा। प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता की पूजा आरती एवं दर्शन व सेवा की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक रंगमंच परिसर में रात्रि 11 बजे छत्तीसगढ़ी गायिका स्वर कोकिला ख्यातिप्राप्त पूनम विराट तिवारी एवं दिव्या तिवारी राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

### चंद्रशेखर वर्मा का बजरंग दल द्वारा स्वागत

झलप। हिंदू परिषद क्षेत्रीय अर्चक पुरोहित प्रमुख भोपाल क्षेत्र, विहिप के छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्व कार्याध्यक्ष, एवं आर एस एस के पूर्व कार्यवाह चंद्रशेखर वर्मा का झलप खंड के बजरंग दल द्वारा स्वागत किया गया।

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 6 जनवरी से

नर्रा। ग्राम बिंद्रावन में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजन 6 से 14 जनवरी 2026 तक किया है। कथा वाचक पंडित हेम प्रकाश बबलू शर्मा उखरा वाले होंगे। कथा श्रवण दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। 6 जनवरी मंगलवार को वेदी, कलश स्थापना, गौकरण पूजा, 7 जनवरी बुधवार को भगवान विष्णु के 24 अवतार, राजा परीक्षित जन्म, 8 जनवरी गुरुवार को वराह अवतार, शिव-पार्वती विवाह, 9 जनवरी शुक्रवार को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 10 जनवरी शनिवार को वामन अवतार, राम-कृष्ण अवतार, 11 जनवरी रविवार को श्रीकृष्ण की बाललीला, रासलीला, 12 जनवरी सोमवार को कृष्ण-रुखमणि विवाह, 13 जनवरी मंगलवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, भगवान बारात, 14 जनवरी बुधवार को गीता, हवन, कपिला तर्पण एवं महा प्रसादी भोग भंडारा का आयोजन किया गया है।

# साल के अंत में प्याज और लहसुन ने खाया भाव, नई फसल के बाद दाम अब डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सालभर प्याज के दाम चिल्हर में 20 से 25 रुपए तक ही रहे हैं, लेकिन प्याज की नई फसल आने के बाद इसके दाम अब डबल हो गए हैं। थोक में दाम जहां 20 से 25 रुपए हैं, वहीं चिल्हर में इस समय दाम 35 से 40 रुपए हो गए हैं। इसी के साथ लहसुन ने भी भाव खाना प्रारंभ कर दिया है।

अलग खबर

कुछ समय पहले छोटी साइज की लहसुन थोक में 60 रुपए और चिल्हर में 80 रुपए, बड़ी साइज की थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए में बिक रही थी। अब इसके दाम भी डबल हो गए हैं।

प्याज के दाम आमतौर पर रुलाने का काम करते हैं, लेकिन इस बार साल भर प्याज के दाम ने राहत देने का काम किया। प्याज के दाम थोक में 12 से 14 रुपए और चिल्हर में 20 से 25 रुपए रहे हैं। सब्जी मंडी वाले बाजार में प्याज जहां 20 रुपए किलो बिक रहा था, वहीं किराना दुकानों और ठेलों में इसके दाम 25 रुपए थे। लेकिन अब इसके दाम अचानक से बढ़ गए हैं। इसके पीछे का कारण यह है अब नया प्याज बाजार में आ गया है। महाराष्ट्र से इस समय प्याज आ रहा है। इसके दाम रायपुर की थोक मंडी 20 से 25 रुपए है। लेकिन इसी के साथ शहरों के थोक दुकान में इसके दाम 28 रुपए तक हैं।

## नया प्याज आने के बाद दाम अब चिल्हर में 40 रुपए, लहसुन के दाम 160 से 220 रुपए



### सालभर बाद लहसुन के दाम बढ़े

इस साल लहसुन के दाम बहुत कम रहे हैं। वरना एक साल पहले बीते साल दिसंबर में इसके दाम चिल्हर में चार सौ रुपए से ज्यादा थे। इस साल फसल आने के बाद इसके दाम कम होते गए और दाम एकदम से जमीन पर आ गए। करीब साल भर तक इसके दाम थोक और चिल्हर में बहुत कम रहे। करीब तीन साल बाद इस साल ठेलों पर भी लहसुन बिकी। अभी एक सप्ताह पहले तक छोटी साइज की लहसुन के दाम थोक में 60 रुपए और चिल्हर में 80 से 100 थे। एक किलो लेने पर जहां 80 रुपए दाम लग रहे थे, वहीं आधा किलो लेने पर 50 रुपए और एक पाव के 25 रुपए लग रहे थे। अब छोटी साइज की लहसुन के दाम थोक में 120 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम किलो में 150 रुपए और पाव में 40 रुपए हो गए हैं। बड़ी साइज की लहसुन के दाम थोक में 170 से 180 रुपए और चिल्हर में 220 किलो है। पाव लेने पर 60 रुपए लग रहे हैं। लहसुन की नई फसल नए साल में आएगी तभी दाम कुछ कम होंगे।

## आयोजन : बलौदी में मनाया सुशासन सप्ताह

# प्रशासन और जनता के बीच हुआ संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शुक्रवार को सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम बलौदी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपाई बिपिन बिहारी वर्मा थे। उन्होंने कहा कि सरकार का वह प्रयास है कि प्रशासन को सीधे गांवों तक पहुंचाया जाए, ताकि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान हो सके।सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना गांव स्तर पर शिकायतों का त्वरित निपटारा, प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद पारदर्शिता, जवाबदेही और सहभागिता बढ़ाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि गांवों में शिविर, जनसुनवाई के माध्यम से भूमि, पेंशन, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी सेवाओं का समाधान, डिजिटल सेवाओं और ऑनलाइन शिकायत प्रणाली का उपयोग करना है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष संडी महेंद्र कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष रोहासी विजय कोसले, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा ने कहा कि गांव के गरीब, किसान एवं महिलाओं के लिए प्रशासन आपके समस्या के निदान के लिए आपके द्वार पहुंच रही है। शासन का मूल उद्देश्य हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। इस दौरान जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा चरणदास तेहरवंश, एसडीएम दीपक निकुंज, जनपद सीईओ पन्नालाल ध्रुवे, उमेश यदु, मोहन लाल साहू, भीमलाल यादव, जनपद सभापति मंजू रात्रे, अश्विन रजक, कोषाध्यक्ष पलारी संकेत वर्मा, ओमप्रकाश ठाकुर, चूड़ामणि साहू, निर्मला रजक, योगेश वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, लखन यादव, विमल साहू, शिवकुमार साहू सहित ग्रामीण व विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रोहांसी भाजपा मंडल ने मनाई अटल जयंती



पलारी। भाजपा कार्यालय मंडल रोहांसी ने भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती मनाई। इस दौरान अटलजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्पकर उनके किये गए कार्यों को याद किया। मंडल अध्यक्ष विजय कोसले ने कहा कि अटलजी द्वारा गांव को पक्की सड़क से जोड़ने की नींव रखी, उनका पूरा कालखंड देश के लिए समर्पित रहा। मंडल महामंत्री मोहन साहू ने द्वारा अटल जी के राजनीतिक जीवन का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर पार्षद गण लखन यादव, बुधारू साहू, युगल साहू, कमलेश चतुर्वेदी, कौशल साहू भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी, बूथ अध्यक्ष नोहर मार्कण्डेय, सोमनाथ साहू, अवधेश साहू, हरिकीर्तन यादव, रोहित साहू, खिलेंद्र साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भाजपा शहर मंडल ने मनाई वाजपेयी जी की जयंती

**बलौदाबाजार**। जिला भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा अटल परिसर में अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्पहार व दीप प्रज्वलित कर जयंती मनाई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने बताया कि बाजपेयी एक ओजस्वी वक्ता, कवि और दार्शनिक थे, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक नेताओं में से एक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने परमाणु परीक्षण कर भारत को विश्व पटल पर एक मजबूत पहचान दिलाई। उनके भाषणों को विपक्ष के नेता भी बड़े ध्यान से सुना करते थे और उनका सम्मान किया करते थे। उनका लगाव छत्तीसगढ़ से गहरा था, उनके ही कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना संभव हो पाया था।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, वरिष्ठ नेता टेसू लाल धुरंधर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, जितेंद्र महले, नरेश केसरवानी, चितावर जायसवाल, संजय श्रीवास, पोषण पटेल, महेंद्र साहू, पुरुषोत्तम सोनी, तरुण वर्मा, शिव शंकर अग्रवाल, रवि साहू, अजय गर्ग, अशोक सोनी, इंद्र कुमार पंजवानी, शिव नरेश मिश्रा, प्रहलाद शाय, केशव जोशी, पीयूष ध्रुव सहित बड़ी संख्या में शहर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## ग्रामसभा में गिनाई गई वीबीजीरामजी की विशेषताएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी का नाम बदल कर अब विकसित भारत रोजगार एवं आ जी वि का मिशन(ग्रामीण)विकसित भारत जी राम जी रखा गया है। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश अनुसार विशेष ग्रामसभा का यह आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत तिल्दा जनपद के ग्राम पंचायत बरौंडा में 26 दिसंबर को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। विशेष ग्राम सभा जी राम जी के व्यापक प्रचार प्रसार व जन-जागरूकता के लिए रखा गया। विशेष ग्रामसभा में जी राम जी के तहत प्रस्तावित मजदूरी मूलक कार्यों का अनुमोदन किया गया। साथ ही जी राम जी के तहत पंजीकृत परिवार के सदस्यों की ईकेवाईसी करने चर्चा की गई तथा ईकेवाईसी नहीं होने पर उक्त पंजीकृत श्रमिक का नाम जी राम जी से विलोपित करने प्रस्तावित हुए। साथ ही जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नामांकित किया गया।

विशेष ग्रामसभा में अधिनियम की विशेषताएं एवं ग्रामसभा के लिये चर्चा का विषय रहा कि विशेष ग्राम सभा के लिये गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। विशेष ग्रामसभा के पूर्व ग्राम में फ्लेक्स व हॉका मुनादी लगाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया। ग्राम सभा में अनुसूचित जाति व जनजाति परिवारों और कमजोर समूहों की भागीदारी सुनिश्चित किया गया, वीबी जी राम जी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों और 2047 मे विकसित भारत के विजन पर चर्चा और मार्गदर्शन किया गया।

साथ ही अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की छायाप्रति का वितरण किया गया। विशेष ग्रामसभा में आमंत्रित अतिथियों द्वारा मुख्य भाषण एवं अंत में राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इसके अलावा विशेष ग्रामसभा की कार्रवाई, फोटो एवं वीडियो को वास्तविक समय में पंचायत निर्णय मोबाइल एप में अपलोड किया गया। विशेष ग्रामसभा में महिला व पुरुष की उपस्थिति संख्या 65 रही। विशेष ग्रामसभा में सरपंच नीलू, प्रदीप, मढ़रिया, सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल, जगदेव कंडरा रोजगार सहायक, प्रमोद गिलहरे आवास मित्र तथा जयप्रकाश चौहान कोटवार सहित उपसरपंच, पंच व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तेंदूवाही में मारपीट आरोपियों खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम तेंदूवाही में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को गौतम जांगड़े निवासी तेंदूवाही ने बताया कि 24 दिसंबर को हमारे गांव में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम था, जिसमें हम लोग सतनामी समाज की ओर से कार्यक्रम में कोई समस्या ना आए, इसलिए देखरख कर रहे थे। सुबह कार्यक्रम खत्म होने के बाद 25 दिसंबर की सुबह 6.30 बजे वह अपने घर जा रहा था।

सतनामी पारा नीम चौक के पास पहुंचने पर शत्रुघन कोसले, चम्मन कोसले, विजय कोसले, भारत कोसले ने अपने अन्य साथियों के साथ एक राय होकर उसे कार्यक्रम कराते हो कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं राड, डंडा से मारपीट किए। इस दौरान बीच बचाव करने आये उमेश मारकंडे, राजा मारकंडे, राहुल टंडनन एवं अन्य लोगों के साथ भी उक्त लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट किए। आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### 13 सालों का रिकॉर्ड टूटने की कगार पर, उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**महासमुंद**। जिले में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो चुका है। मौसम विभाग की हालिया चेतावनी के अनुसार, आगामी चार दिनों तक उत्तरी हवाएं अंचल को बुरी तरह ठिठुराने वाली हैं। अनुमान है कि तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आएगी, जिससे हाड़ कंपाने वाली ठंड का अहसास हो सकता है। जिले में बीते कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटों में यह गिरकर 9 डिग्री तक पहुंच सकता है। गौरतलब है कि जिले में पिछले 13 सालों बाद दिसंबर के महीने में इतनी भीषण ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही भारी बर्फबारी का सीधा असर अब मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। मौसम विभाग के विश्लेषण के अनुसार, आज से 29 दिसंबर के बीच एक शक्तिशाली उत्तर-पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाएं प्रदेश में प्रवेश करेंगी। इन बर्फीली हवाओं के कारण रात के साथ-साथ दिन के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।

### सास का इलाज कराने गए शिक्षक के सूने घर से चोरी

**महासमुंद**। अपनी सास की आंखों का इलाज कराने गए शिक्षक के सरायपाली स्थित घर से चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी दामोदर महापात्र पिता लिंगराज महापात्र (50 वर्ष) निवासी वीरेंद्र नगर महलपारा सरायपाली ने बताया कि वह सिरबोड़ा में शासकीय हाई स्कूल में शिक्षक है । 21 दिसंबर की सुबह 7 बजे घर में ताला लगाकर वह अपनी पत्नी ज्योतिर्मयी महापात्र तथा 12 वर्षीय पुत्री अंशिका महापात्र के साथ अपनी सास की आंख के ऑपरेशन हेतु ससुराल झारसुगुड़ा गया था, वहां से दिनांक 24 दिसंबर को संबलपुर के आई हास्पिटल ले गए थे। उसी दिन लगभग 12 बजे पिंकी अग्रवाल ने उसकी पत्नी को फोन बताया कि आपके घर में चोरी होने की आवाज आ रही है। इसके बाद वह तत्काल अपनी पत्नी के साथ घर वीरेंद्र नगर आकर पहुंचा और देखा तो मेरे घर के बाहर गेट का ताला लगा था, कोई अज्ञात चोर दीवार फांद कर घर के मेन दरवाजा का ताला तोड़कर घर अंदर रखे पुराना लैपटाप, पुराना टुल्लू पंप, गैस सिलेंडर 02 नग, सिलिंग फैन 3 नग, पुराना इंडक्सन 1 नग, कांसे का बर्तन (खुरी), सोने के जेवर कान का झुमका 1 नग, छोटा हार 1 नग, रानी हार 1 नग, कान की कनेटी (चेन),) नाक की फुल्ली 1 जोड़ी को चोरी कर ले गये, जिसकी कुल कीमत 97500 रुपए है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## वीर साहिबजादों की स्मृति में निकली सफर-ए-शहादत शोभायात्रा



महासमुंद। सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए नगर में सिख समाज द्वारा भव्य सफर-ए-शहादत शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्थानीय गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साहिबजादों की शहादत और उनके साहसपूर्ण इतिहास से जनमानस को रू-ब-रू कराना रहा।

### जल स्रोतों के जीर्णोद्धार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी

# विशेष ग्रामसभा में वीबीजीरामजी अधिनियम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ग्राम पंचायत ओटगन में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के संबंध में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को नए कानून के प्रावधानों व इससे होने वाले लाभ तथा भविष्य व इसके क्रियान्वयन के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह कानून ग्रामीण भारत में रोजगार और आजीविका को नई दिशा देने के उद्देश्य से लाया गया है, जो अब मनरेगा का स्थान लेगा। इस अधिनियम के तहत अब ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का गारंटेड रोजगार प्रदान किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराकर उनका सशक्तिकरण करना है साथ ही कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इसमें डिजिटलाइजेशन और आधुनिक टेक्नोलॉजी का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इसके अंतर्गत मुख्य रूप से जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, वाटरशेड विकास, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, वनीकरण और पारंपरिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिससे मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना सुदृढ़ होगी, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन क्षमताओं का भी विकास होगा। इस योजना में केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी 60:40 के अनुपात में निर्धारित की गई है। जिसमें श्रमिकों के हितों का विशेष ध्यान रखते हुए सात दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान की गारंटी दी गई है और तय समय सीमा में काम उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का कड़ा प्रावधान भी शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मेला में खुड़खुड़िया जुआ, 3 लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम बरतुंगा मेला में खुड़खुड़िया नाम के जुआ का संचालन करने वाले तीन लोगों को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बरतुंगा मेला में कुछ व्यक्ति खुडखुड़िया नामक जुआ का संचालन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए तीन व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में इन लोगों ने अपने-अपने नाम भूषण साहू पिता निर्मल साहू (40 साल) निवासी भोकलूडीह थाना सांकरा, चूड़ामणि साहू पिता त्रिनाथ साहू (38 साल) निवासी बिंधनखोल थाना पिथौरा, महेश प्रधान पिता जनार्दन प्रधान (42 साल) निवासी रामपुर थाना पिथौरा बताए। उक्त आरोपियों के पास से एक नग परदा जिसमें चिड़ी, पान, हुक्म, ईंटा, झंडा, मुंडा बना हुआ, 06 नग गोटा, नगद रकम 13830 रुपए को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 6(क) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सेलून संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सेलून संचालक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को तोष कुमार श्रीवास निवासी ग्राम केदुवा थाना सरायपाली ने बताया कि 25 दिसंबर को वह अपनी सेलून दुकान में था, तभी दोपहर करीब 02 बजे उसके बड़े पिता का लड़का बरूण श्रीवास आया और दुकान में लगे बॉक्स का आवाज फुल कर दिया। जिस पर उसने बॉक्स का स्विच निकाल दिया। जिस पर बरूण श्रीवास गाली गलौज करने लगा। इसके बाद शाम करीबन 7 बजे बरूण श्रीवास फिर दुकान में एक धारदार वस्तु लेकर आया और तुम लोगों को जान से मार दूंगा कहा। इसके बाद प्रार्थी घर चला गया। जहां आरोपी फिर गाली गलौच करते जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार वस्तु से मुझे मारपीट करने लगा, जिससे दाहिने हाथ के अंगूठे, उंगली के पास चोट लगी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम तेंदूवाही में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव थाना में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को भारत कोसले निवासी ग्राम तेंदूवाही ने बताया कि 24 दिसंबर को उसके गांव में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम था। 25 दिसंब को सुबह 6.30 बजे वह अपनी बहन लता कोसले, हीरा कोसले के साथ घर जा रहा था। सतनामी पारा नीम चौक के पास पहुंचने पर गांव के लल्लू जांगडे, राजा मारकंडे, रवि बघेल, सुशील बघेल एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट, पत्थर एवं हाथ मुक्का तथा डंडा से मारपीट किए। बीच बचाव करने आए विजय कोसले, हितेश कोसले, शत्रुघन कोसले, चम्मन कोसले एवं अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई।

# ग्राफ्टेड टमाटर की खेती से युवराज साहू को हो रहा दुगुना फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में ग्राफ्टेड तकनीक से सब्जियों की खेती में बेहतरीन परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जिले के भाटापारा ब्लॉक के कृषक युवराज साहू ने ग्राफ्टेड टमाटर की खेती कर एक सीजन में करीब 3 लाख प्रति एकड़ की शुद्ध लाभ प्राप्त किया है।

युवराज साहू ने बताया पहले वह परंपरागत तरीके से टमाटर की खेती करते थे, तब पौधों के सूखने की समस्या और रोग की समस्या आती थी, जिसके कारण काफी नुकसान भी होता था। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को नई तकनीक

**रोग का प्रकोप कम होने के साथ उत्पादन भी अधिक**





से जोड़ने और सब्जी उत्पादन बढ़ाने की दिशा में यह प्रदर्शन सफल साबित हो रहा है। ग्राफ्टेड टमाटर में बीमारी का प्रकोप सामान्य खेती की तुलना में कम देखा गया है। साथ-साथ इसमें तीनों सीजन में उत्पादन प्राप्त होता है। कम पानी एवं मजदूरी लागत भी कम आती है। पौधे मजबूत होने से उत्पादन में सुधार हुआ है जिससे किसानों को आर्थिक रूप से लाभ मिल रहा है।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत किसानों को उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रति प्रदर्शन राशि 30 हजार का अनुदान दिया जा रहा है। विभाग द्वारा जिले के 188 कृषकों का चयन कर उन्हें इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## शिविर : भवानीपुर के हायर सेकंडरी स्कूल में लगा विधिक साक्षरता शिविर

# छात्रों ने जाना विधिक अधिकार और सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

यह भी जानकारी दी गई कि वर्तमान समय में प्राधिकरण न केवल विधिक सेवा दे रहा है, बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा समस्त योजनाओं का लाभ आम व्यक्तियों तक पहुंचाने में सहायता कर रहा है।

उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप से मिली सीख को दैनिक जीवन में अपनाने और उसके महत्व के बारे में भी बताया गया कि अनुशासित जीवन से कैसे सफलता की ओर बढ़ा जा सकता है। उपस्थित छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं समय के प्रबंधन के विषय में भी बताया गया कि कैसे अपने समय का सदुपयोग कर अधिक से अधिक चीजें कर एवं सीख सकते हैं। उपस्थित बच्चों के द्वारा समय प्रबंधन एवं प्रतियोगी परीक्षा पर सक्रिय सहभागिता ली गई एवं सचिव से उनकी पढ़ाई एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी एवं सफलता किस प्रकार मिली और अतिरिक्त कार्यभार और चुनौतीया मिलने पर कैसे कार्य करते हैं यह पूछा गया जिससे सचिव अमिता जायसवाल के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने पढ़ाई के विषय में एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में, समय के प्रबंधन, किताब को किस प्रकार पढ़ा जाता है और परीक्षा पास करने की रणनीति किस प्रकार तैयार की जाती है और पढे हुए विषय को किस प्रकार याद रखा जाता है के संबंध में अपने रणनीति साझा किया गया।



### निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी

सचिव अमिता जायसवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना में उपस्थित छात्रों एवं उपस्थित जनसामान्य के समक्ष विधिक सेवा पर व्याख्यान दिये जाने का अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना के आयोजकों द्वारा दिया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है? यह बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व और चरित्र विकसित करने के साथ साथ सेवा के माध्यम से शिक्षा के सिद्धांत पर समाज की सेवा करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे वे नेतृत्व गुण और सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखाते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना और मूल अधिकार मूल कर्तव्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं जिसके संबंध में छात्रों को जानकारी दी गई। साथ ही संविधान के अनुच्छेद 39 ए के अंतर्गत निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है, जिसके तारतम्य में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 पारित किया गया।



### लैंगिक उत्पीड़न, बाल विवाह व साइबर अपराध पर जागरूकता

उपस्थित छात्रों एवं जनसामान्य को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति एवं तालुका विधिक सेवा समिति के कार्यप्रणाली के विषय में बताया गया। शिविर में जानकारी दी गई कि विधिव सेवा के हकदार कौन-कौन है और किस प्रकार विधिक सहायता प्रदान की जाती है। शिविर में लैंगिक उत्पीड़न, बाल विवाह, टोनही प्रताड़ना, साइबर क्राइम और मोटरयान अधिनियम के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई।

# ग्रामसभा की बैठक में विकसित भारत पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन बिनौरी में विशेष ग्रामसभा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जी राम जी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के विभिन्न प्रावधानों और 2047 में विकसित भारत के विजन पर चर्चा की गई। ग्रामसभा में बताया गया कि अब 125 दिन की रोजगार मिलेगा। इस अवसर ग्रामसभा में सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी किरण साहू, प्रतिनिधि सनकुमार साहू, उपसरपंच सुरेश कुमार डहरिया, सचिव हरीश कुमार डडसेना, पंचगण बलराम साहू, मंजू ध्रव, ममता धीवर, हीरालाल मनहरे, लेखराम धीवर, बालमती साहू, लता निराला, भारत सेन, अमृत चरण निराला, माखन सेन, कुशाल कुर्रे, नैन दास टंडन, रामकुमार साहू, मालिक साहू, गेदु साहू, कशराम धीवर, धनुराम यादव, धनीराम साहू, हेमकुमार साहू, शुकदेव सेन, भगबली सतनामी, मनीराम माण्डले आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेमरा में हुई लाखों की चोरी का अब तक नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

सेमरा में बीते जून माह में लाखों की चोरी का कोई सुराग नहीं मिलने से पीड़िता ने पुलिस प्रशासन के कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए इस घटना की शिकायत राज्य के गृहमंत्री से की है।

गिधौरी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी रीना शुक्ला ने इसकी शिकायत अभी हाल ही में मुख्यमंत्री पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज कराई हैं। उन्होंने अपने शिकायत पत्र में बताया कि 3 जून को इनके सुने मकान से 25 से 30 लाख के गहने, नगदी चोरों ने पार कर दिए थे। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी घर में लगे कैमरे में कैद हो गए, फिर भी पुलिस अब तक अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई। गिधौरी पुलिस ने शिकायत पर धारा 173 बीएनएसएस 2023, 331(4) व 305 (अ) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।



■ पीड़िता ने सी एम पोर्टल में गृहमंत्री से ऑनलाइन शिकायत की

पीड़िता द्वारा पूर्ण विवरण पुलिस को बताए जाने के बाद भी चोरी हुए सामानों व रुपयों का कम आंकलन कर मामला बनाया गया। पीड़िता ने पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट होने के कई कारण बताए जैसे – सुने मकान में पीड़िता की अनुपस्थिति में गिधौरी पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ तलाशी लेने गई, चोरी के सामानों व रुपयों का मूल्य मनमानी पूर्वक दर्ज करना, प्राथमिकी की प्रति विलंब से उपलब्ध कराना, प्राथमिकी में मकान में पीड़िता को पहले प्रवेश करना बताया गया।

घटना की कार्यवाही के संबंध में जानने गिधौरी थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे से मोबाइल से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि घटना की जांच की गई है। आरोपियों की सुराग नहीं मिला है। साइबर सेल भी जांच कर रही है। जांच उपरांत सुराग मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 29 श्रद्धालुओं का जत्था श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना



**सिमगा।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत सिमगा विकासखंड से 29 श्रद्धालुओं का एक जत्था गुरुवार को सिमगा से अयोध्या धाम दर्शन हेतु रवाना हुआ। यह धार्मिक यात्रा 26 से प्रारंभ होकर 29 दिसंबर तक संपन्न होगी। इसमें श्रद्धालु भगवान श्री रामलला के दर्शन के साथ-साथ काशी विश्वनाथ धाम, बनारस के भी दर्शन करेंगे। यात्रा की रवानगी के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा के सरपंच कमलेश साहू ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीपी मनहर की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर अनूप तिवारी, माया सलूजा, पीताम्बर मानिकपुरी शाखा प्रभारी, टेकराम साहू, उमेश गोस्वामी, तोरण सोनवानी, डेविड हिरवानी एवं अमरीका निर्मलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। श्रद्धालुओं में अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह यात्रा उनके जीवन की एक अत्यंत पुण्यदायी एवं आध्यात्मिक अनुभूति होगी। काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन से यह यात्रा और भी स्मरणीय बनेगी। श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत यात्रियों की आवागमन ठहराव एवं दर्शन संबंधी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की गई हैं। स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं आयोजकों के सहयोग से यह धार्मिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न कराई जा रही है।

# प्रेरणा विद्यालय में वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से सबका मन मोहा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संस्कृति का परिचय देते हुए बच्चों ने लिपो जी संगी अंगना दुवारी दीयना जलावव जी गीत की अनुपम प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध होकर ताली बजाते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत छात्र-छात्राओं ने रस्सा, मलखंभ में अपने साहस और आत्मविश्वास से अपनी शारीरिक दक्षता का प्रमाण भी दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक केशव साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेरणा विद्यालय शिक्षा का मंदिर ही नहीं अपितु संस्कार देने का केन्द्र है। जहां बच्चों को ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन एक दूसरे का सहयोग करना टीम वर्क नेतृत्व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जाता है। विद्यालय के






मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम के संचालन में शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने भी अपनी भूमिका निभाई। विशिष्ट अतिथि ध्वनित ठाकरे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विद्यालय के वार्षिक उत्सव को सफल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन टीम शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थियों ने भी अपनी महती भूमिका निभाई। उक्त अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मृदु पोगुला, प्राचार्या रिभा चौधरी सहित प्रबंधन टीम के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### दामाखेड़ा में विशाल...

हेतु 700 से ज्यादा स्टैंड पोस्ट की व्यवस्था, 15 नग पावर पंप एवं 2 से 3 स्पेयर में पंप रखने कहा ताकि खराब होने पर तत्काल बदला जा सके। इसके साथ ही 5-6 टैंकर की भी व्यवस्था करने कहा। मेला क्षेत्र में नगर पालिका भाटापारा एवं सिमगा द्वारा 100 नग एलईडी लाइट लगायी जायेगी। बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या समाधान हेतु जनरेटर की व्यवस्था रहेगी। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सिविल ड्रेस में सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। वाहन पार्किंग हेतु बेमेतरा रोड बिलासपुर रोड, रायपुर रोड में पर्याप्त व्यवस्था किया जाएगा। मुख्य कंट्रोल रूम के साथ ही पार्किंग के लिये भी कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आस-पास के गांवों के स्कूल, सामुदायिक भवन और हॉस्टलों में भी ठहराया जाएगा। साफ-सफाई की समुचित तैयारी रहेगी। सिमगा और भाटापारा नगरीय निकाय से सफाई कर्मचारी दिन-रात तैनात रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा एवं एम्बुलेंस मुहैया कराई जाएगी। मेला स्थल पर अस्थाई शौचालय और स्नानागार बनाया जाएगा। फायर ब्रिगेड भी तैनात रहेगी। बैठक में पंथ प्रकाश छोटे साहब, डॉ. भानुप्रताप साहब, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीएम अतुल शेट्टे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 23 जनवरी से ...

जनवरी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आमिन माता महिला मंडल की आमसभा होगी। 1 फरवरी प्रातः गुरु महिमा पाठ के उपरान्त वरिष्ठ कड़हिार द्वारा पुनोमहात्तम पाठ के माध्यम से पूर्णिमा व्रत के महत्व की कथा सुबह 12 बजे से दर्शन बंदगी एवं भजन कीर्तन का कार्यक्रम, संध्याकाल में संध्या पाठ के पश्चात सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। 2 फरवरी को सामूहिक दीक्षांत समारोह एवं 3 फरवरी को सामूहिक चलावा चौकी आरती एवं आनंदी चौका आरती होगी।

### तेज रफ्तार कार...

तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए एम्बुलेंस बुलाई और तीनों घायलों को तत्काल बरपाली के उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक अपना वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। राहत की बात यह है कि प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी...

कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24, 32 वर्ष में दिए जाने, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सक अधिकारियों को भी त्रिस्तरीय समयमान वेतन दिए जाने तथा नगरीय निकाय के कर्मचारी को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिए जाने प्लेसमेंट एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किए जाने आदि मांग शामिल है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबंध 125 मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों के द्वारा उपरोक्त मांगों को लेकर 29 दिसंबर 2025 से दशहरा मैदान बलौदाबाजार में समय सुबह 11 से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने दी उक्त बैठक में संयोजक डॉक्टर एलएस ध्रुव व सुरेश कुमार पैकरा, प्रकाश कुमार तिवारी, अविनाश तिवारी, संतोष साहू, कामता जांगड़े, विजय साहू, विनोद कुमार कुर्रे, प्रवक्ता सरोज बाघमार, संतोष वैष्णव, पीके हिरवानी जिला कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए।

### नपं लवन में...

महत्व के बारे में उपस्थित आगुंतकों को अवगत कराया गया। जिला मिशन समन्वय प्रीति नवरत्न द्वारा गुरू गोविंद सिंह के मुगल साम्राज्य का डटकर मुकाबला करने एवं अपने पुत्रों की आहूति दे देने की शौर्यपरक दृष्टांत के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं वैधानिक निकायों के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। वीर बाल दिवस के जिला स्तरीय कार्यशाला में आयु प्रवर्ग के अनुसार गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीनों प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला में बलौदाबाजार विकासखण्ड के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, लवन परियोजना के समस्त पर्यवेक्षक, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के अधिकारी उपस्थित थे।

### धान खरीदी का निरीक्षण ...

के साथ-साथ वास्तविक किसानों को सुगमता से लाभ मिल रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि पूरी खरीदी प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक टीम मुस्तैद रहेगी। किसी भी केन्द्र में कोई गडबड़ी पाए जाने पर सम्बधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बरौण्डा में आयोजित हुआ ईसीसीई मेला



**बंगोली।** ग्राम बरौण्डा में बचपन का उत्सव ईसीसीई मेला आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर द्वारा संचालित गढ़बो बचपन परियोजना के अंतर्गत ईसीसीई दिवस के आयोजन को एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह मेला आयोजित किया गया। मेले में आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए भाषा, गणित, रचनात्मक गतिविधियां, खेल, शारीरिक विकास एवं स्थानीय व्यंजनों से जुड़े आकर्षक स्टॉल लगाए गए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, वहीं अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पालकों ने आयोजन की सराहना की। ग्राम सरपंच नीलू, प्रदीप मढ़रिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रहे सकारात्मक बदलावों पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह आयोजन पर्यवेक्षक पार्वती वर्मा के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्ञानेश्वरी दीवान, अंजनी देवांगन, जानकी गिलहरे ने के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 9:00 PM
तु मेरी मै तेरी, मै तेरा तु मेरी
शो समय - 6:00, 9:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# धर्म की शरण लेने पर ही होगा मानव का कल्याण : पं. नंदकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

## करमदा में भागवत कथा सुनने उमड़ी लोगों की भीड़

ग्राम करमदा में जारी भागवत कथा में शुक्रवार को भागवत आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा ने कथा के माध्यम से मानव जीवन में धर्म की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के लिए धर्म की शरण लेना अत्यंत आवश्यक है। गीता में श्रीकृष्ण का मुख्य उपदेश है कर्म करो। कर्म की जननी धर्म है। इसलिए जीवन में सर्वप्रथम धर्म का होना जरूरी है। भगवान की प्रत्येक लीला समाज में मानवता का संदेश देती हैं। भगवान ने पृथ्वी पर जो भी कार्य किए धर्म की रक्षार्थ किए, जो पृथ्वी पर धर्म रक्षार्थ कार्य करता है, उसे गोलोक धाम की प्राप्ति होती है। उस पर भगवान की कृपा निरंतर बरसती है। उन्होंने कहा कि जीवन को संवारने के अनेकों मार्ग है। उनमें से विनय ऐसा गुण है, जो मानव में आ जाये तो जीवन को बदलने में देर नहीं लगती। वह धर्म द्वारा ही आ सकता है। मानव के जीवन में विनय और नम्रता आना जरूरी है, वह धर्म द्वारा ही जीवन में आएगी। विनय धर्म भी है और जीवन का आधार भी। मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ है, ये सभी को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर न देवताओं को मिलता है और न ही दैत्यों को लेकिन, ये हमें और आपको प्राप्त हुआ है। मनुष्य का जीवन पुण्य का परिणाम है, जिसका जितना पुण्य है, उसे उतना ही प्रभु की कृपा की प्राप्ति है। मानव को दो अद्भुत चीजें प्राप्त हैं, जो है हंसी और खुशी प्रकट करने के लिए ताली, हंसो और हंसने दो। इस पर सरकार ने कोई टैक्स भी नहीं लगाया है।



### संकट में केवल ईश्वर ही सच्चा सहारा

आचार्य शर्मा ने गजेंद्र मोक्ष की कथा में बताया कि गजेंद्र को जब एक ग्राहक ने सरोवर में जल पीने के समय पकड़ लिया तब सहायता के लिए गजेंद्र ने परिवार वालों को पुकार लगायी, तो किसी ने भी उनकी सहायता नहीं की। ईश्वर ही एक ऐसा है जो निस्वार्थ भाव से अपने भक्त का साथ देते हैं। उन्होंने कहा अपने-अपने स्वार्थ के लिए एक-दूसरे से जुड़ाव-लगाव रखते हैं। स्वार्थ पूरा होते ही कोई किसी को पहचानता तक नहीं है। कुछ लोग सोचते हैं कि पद-प्रतिष्ठा, धन-दौलत उसका साथ देगी, उसे सुखी रखेगी। पर ऐसा कुछ भी नहीं है। जिसने त्याग किया, उसको ही सब कुछ मिलता है। आचार्य श्री ने कहा मुसीबत के समय दुनिया मे कोई साथ नहीं देता, केवल अपने स्वार्थ और लोभ करने के लिए मनुष्य एक दूसरे से संबंध बनाए रखते है. ईश्वर को जब निर्मल मन से निर्बल होकर प्यार किया जाये तो ईश्वर किसी ना किसी नर रूप उस जीव की सहायता करने जरूर आते है. आगे आचार्य जी ने कहा कि मन को निर्मल बनाने के बाद ही ईश्वर की भी प्राप्ति होती है. ईश्वर उन्हीं को दर्शन देते हैं जिसके अंदर छल-कपट, ईर्ष्या-द्वेष, घृणा, झूठ-कपट आदि नहीं होते हैं ।

## खबर संक्षेप

### कबीरपंथ के पदाधिकारियों ने दिया गौरीशंकर अग्रवाल को भूमिपूजन का न्योता



सेल। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कबीर पंथ आश्रम असनींद के पदाधिकारियों ने रायपुर स्थित स्वर्णभूमि निवास पर वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य भेंट की। यह मुलाकात मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस अवसर पर आश्रम के पदाधिकारियों ने अग्रवाल को कबीर आश्रम के आगामी भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया। अग्रवाल जी ने कबीर पंथ के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। भेंट के दौरान क्षेत्र के विकास और सामाजिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान मंडल महामंत्री रामचंद्र ध्रुव, सरपंच संतोष कुमार ध्रुव, कबीर आश्रम अध्यक्ष विमल दास वैष्णव, सदस्यगण आत्माराम साहू, गजाधर साहू, दुखीराम साहू, रमेश निर्मलकर, दुखु साहू और छेदराम साहू मौजूद थे।

## निधन

### तुलाराम वर्मा

खरोरा। समाजसेवी केशला निवासी 96 वर्षीय तुलाराम पिता रतिराम वर्मा का 25 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक व ग्रामीणजन उपस्थित थे। शोकाकुल परिवार में उनकी पत्नी यशोदा वर्मा, भाई शीशकुमार वर्मा, पुत्र-पुत्र वधू रोहित- तारिका वर्मा, होमदत्त-आरती वर्मा, विनय-तनु वर्मा सहित समस्त वर्मा परिवार शामिल हैं।



## योजना : उद्देश्य गिनाने पंचायतों में हुईं विशेष ग्रामसभाएं

# जीरामजी योजना में रोजगारी की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





शुक्रवार को जिले की समस्त 519 पंचायतों में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के संबंध में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। इन बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को नए कानून के प्रावधानों, इससे होने वाले लाभों और भविष्य में इसके क्रियान्वयन के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

यह नया कानून ग्रामीण भारत में रोजगार और आजीविका को नई दिशा देने के उद्देश्य से लाया गया है, जो अब मनरेगा का स्थान लेगा। इस अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि अब ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का गारंटीड रोजगार प्रदान किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी। योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराकर उनका सशक्तिकरण करना है। कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इसमें डिजिटलाइजेशन और आधुनिक टेक्नोलॉजी का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इस अधिनियम के अंतर्गत मुख्य रूप से जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, वाटरशेड विकास, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, वनीकरण और पारंपरिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन प्रयासों से न केवल जिले की मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना सुदृढ़ होगी, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन क्षमताओं का भी विकास होगा।

वित्तीय व्यवस्था के संदर्भ में यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी 60:40 के अनुपात में निर्धारित की गई है। अधिनियम में श्रमिकों के हितों का विशेष ध्यान रखते हुए सात दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान की गारंटी दी गई है और तय समय सीमा में काम उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का कड़ा प्रावधान भी शामिल किया गया है। इन विशेष सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को आजीविका के नए अवसरों और कौशल विकास के प्रति जागरूक किया गया, ताकि जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

### ग्रामसभा में समझाया गया जी राम जी योजना का महत्व



खरोरा। देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत–जी राम जी अभियान के अंतर्गत सरपंच ग्राम पंचायत कनकी दुर्गेश वर्मा द्वारा विशेष ग्राम सभा शुक्रवार को वीबी जी राम जी योजना की जानकारी उपस्थित आमजनों को दी गई। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण नागरिकों के लिए 125 दिनों के ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन पर रोक लगेगी।इस योजना में बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर और प्रभावी प्रावधान, जिससे काम न मिलने की स्थिति में श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा मिले, समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा तथा भुगतान में देरी होने पर श्रमिकों को मुआवजा देने का प्रावधान किया जाएगा। ग्रामसभा की सक्रिय भागीदारी से विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार की जाएगी, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य सुनिश्चित हो सकें। यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। विकसित ग्राम सशक्त ग्रामीण समाज विकसित भारत यही इस अभियान का मूल मंत्र है। योजना के प्रचार प्रसार हेतु बैनर, फ्लेक्स ग्राम पंचायत भवन एवं सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा कर किया गया है। ग्राम सभा में सरपंच दुर्गेश वर्मा, सचिव कोमल प्रसाद साहू, रोजगार सहायक खडानंद वर्मा, उपसरपंच पुनीत वर्मा सहित समस्त पंच गण सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए जिपं सभापति श्रीकांत राजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सम्पूर्ण मानव समाज को एकता, भाईचारा एवं समरसता का प्रेरक संदेश देने वाले गुरु घासीदास जी की जयंती गुरु प्रकाश पर्व के अवसर पर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम लेवई में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा कि गुरु घासीदास का अमूल्य विचार समस्त मानव समाज के लिए प्रेरणादायी है। उनके एक-एक शब्द जीवन को सार्थक बनाने वाला है। आप सभी बाबा जी के विचारों को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़े यही शुभकामनाएं हैं। इस अवसर पर ग्राम के ही विभिन्न पदों (पुलिस) में चयनित 12 लोगों को मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दाऊ प्रदीप अग्रवाल, दाऊ संजू अग्रवाल, भाजपा महामंत्री खुमान सिंह वर्मा, जनपद सभापति ठाकुर राम साहू, सरपंच गोविंद गायत्री ध्रुव, सिंगारपुर सरपंच कनक मनहरे, पप्पू धीवर, नंदराम वर्मा व सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, समाजजन एवं गणमान्य नागरिक प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### गिधौरी में गुरु घासीदास जयंती और शोभायात्रा 28 को

गिधौरी। ग्राम गिधौरी में गुरू घासीदास बाबा की जयंती एवं शोभायात्रा 28 दिसम्बर को हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। इसमें पंथी पार्टी, मंगल भजन, गीतकार को आमंत्रित किया गया है और प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपये और चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये रखा गया है। कार्यक्रम में शोभायात्रा दोपहर 1 बजे निकाली जायेगी, जो जय स्तंभ से बस स्टैंड तक जावेगी एवं शाम 5 बजे कलश स्थापना एवं 7 बजे पालो चढ़ावा होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे एवं विशिष्ट अतिथि मनीष निराला सरपंच प्रतिनिधि बरपाली होंगे। एक दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह कार्यक्रम के अध्यक्ष विक्रम बंजारे, उपाध्यक्ष मदन खाण्डेकर, सचिव किशन बंजारे, सह सचिव दीपक कुर्रे, द्वारिका बंजारे, कोषाध्यक्ष मेघनाथ बंजारे, कार्यकारिणी अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिरी, मंच संचालक मनहरण बंजारे, सरंक्षक उत्तम बंजारे, सुकाल खुटे,शंकर प्रसाद गोयल, सलाहकार राधेश्याम बंजारे, आनंद बंजारे, रामशंकर बंजारे, पुजारी समारू लाल बंजारे, मिलेराम खुटे, बनाए गये इस सतनाम शोभायात्रा में गुरु घासीदास बाबा का संदेश मनखे मनखे एक समान न कोई जात न कोई धर्म उच्च नीच जाती पाती के भेद भाव को मिटाने और गलत रास्ते न चलने सहित अनेकों बुराइयों को मिटाने और सत्य की मार्ग पर चलने की बाबा गुरु घासीदास के संदेश को जन जन तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है।

## सतनामी उत्थान समिति का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 को रायपुर में

बलौदाबाजार। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर के तत्वावधान में 25वां रजत जयंती विवाह योग्य सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को खालसा स्कूल परिसर, कचहरी चौक रायपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश ढीढी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष यह सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित होता आ रहा है। इस मंच के माध्यम से समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही स्थान पर सहज रूप से वर-वधु चयन का अवसर मिलता है, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। हर वर्ष बड़ी संख्या में योग्य जोड़े यहां तय होते हैं। कार्यक्रम में विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन स्थल पर कार्यक्रम दिवस में पंजीयन की विशेष सुविधा सुबह 10 बजे से उपलब्ध रहेगी। समिति ने प्रतिभागियों से ऑनलाइन पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि भीड़ व असुविधा से बचा जा सके। प्रतिभागियों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिलाओं ने संभाली स्वच्छता की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा





स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत चकवे में महिला समूह संगठन द्वारा ट्राई-साइकिल के माध्यम से व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में महिला समूह की कार्यकारिणी अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

महिला संगठन की सदस्य अनुराधा साहू ने बताया कि ग्राम चकवे को एक आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के लिए महिलाएं दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही हैं। महिलाओं द्वारा ग्राम के चौराहों, मंदिर परिसर, तालाब, स्कूल परिसर, ग्राम पंचायत भवन एवं गांव के चारों ओर निरंतर साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला संगठन ग्राम की प्रत्येक सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहा है। इसके साथ ही विगत वर्षों से शासन-प्रशासन से अपील कर गांव के चारों ओर पौधारोपण का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है, जिससे ग्रामवासियों को स्वच्छ हवा एवं बेहतर जलवायु प्राप्त हो सके।

महिला समूह को ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। महिलाओं का लक्ष्य है कि पंचायत चकवे को एक आदर्श एवं सशक्त पंचायत बनाकर छत्तीसगढ़ में एक नई पहचान दिलाई जाए। इस अवसर पर एक्टिव महिला समूह की सदस्य अनुराधा साहू, प्रेमिन, बिमला एवं रुक्मणी विशेष रूप से सक्रिय रहीं।

### भाजपाइयों ने अटल के कार्यों का स्मरण किया

महासमुंद। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के राज निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा शहर मंडल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में अटल के छायाचित्र पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया।







